रजिस्ट्रेशन S 37987/2000 नई दिल्ली

अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ (पंजी)

कार्यालय-ए-2/20, कोठी पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063 फोन 09711111507, 08383051835
E-mail abvvsangh2000@gmail.com yashpal_panchal @yahoo.co.in, yashpalpanchal1953@gmail.com,

यशपाल पांचाल	सुरेश पांचाल	रमेश कुमार पांचाल	निरंजन लाल पांचाल
राष्ट्रीय अध्यक्ष	राष्ट्रीय वरिष्ठ अपाध्यक्ष	राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री	राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
9711111507	9826670897	8448658492	9871340189

पत्रांक संख्या ABVVS/106/25 दिनांक 05/08/2025

सेवा में
आदरणीय भजनलाल शर्मा जी
मुख्यमंत्री राजस्थान , भारत

विषय –ऋषभदेव थाना अंतर्गत विछीवाडा गाँव के व्यवसायी श्री सुरेश पांचाल की पुलिस हिरासत में हुई मौत के संबंध में ।

महोदय,

आपके संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि 4 अगस्त 2025 को थाना ऋषभदेव के विछीवाडा गाँव , जिला डूंगर पुर राजस्थान निवासी श्री सुरेश पांचाल को किसी मामले में पुलिस पूछताछ के लिए थाने में ले गई थी । जानकारी में आया है कि उनको बिना किसी वारंट के गिरफ्तार किया गया । परिजनों का कहना है थाने में श्री सुरेश पांचाल से किसी चोरी के मामले में पूछ ताछ के दौरान सख्ती की गई जिसके कारण उसकी तबीयत बिगड़ी । परिजनों का यह भी आरोप है कि श्री सुरेश पांचाल की पुलिस हिरासत में ही मौत हो गई । पुलिस मृतक को हस्पताल ले गई जहां उसे हस्पताल पहुचने पर ही मृत घोषित कर दिया गया । मृतक विश्वकर्मा समाज से था इससे विश्वकर्मा समाज में भारी रोष है ।

यह भी जानकारी में आया है कि श्री सुरेश पांचाल की छवि इलाके में एक सम्मानित नागरिक और ईमानदार व्यवसायी की थी । परिजनों का कहना है कि उस पर जबरन बरामदगी का प्रयास कर अनावश्यक दबाब डाला गया जिसने 52 साल के एक व्यवसायी की जान लेली । महोदय यह एक गंभीर प्रकरण है । आपसे निवेदन है की मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाए और पीड़ित परिवार को सुरक्षा और न्याय दिलाया जाए ।

धन्यवाद सहित

यशपाल पांचाल
(यशपाल पांचाल)
राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रतिलिपि

1 डी जी पी राजस्थान
2 एस पी उदयपुर, राजस्थान